"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 23] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 6 जून 2008— ज्येष्ठ 16, शक 1930

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 6 मई 2008

क्रमांक ई-1-5/2006/1 /2.—छत्तीसगढ़ राज्य संवर्ग को आवंटित भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2007 बैच के निम्नलिखित परिवीक्षाधीन अधिकारियों को लाल बहादुर शास्त्री, राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में प्रथम दौर के प्रशिक्षण की समाप्ति पर राज्य में प्रशिक्षण के लिये उनके नाम के सामने दर्शाये जिलों में सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया जाता है :-

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2008.

स. क्र.	अधिकारी का नाम	जिले का नाम जहां सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किये गये
1.	श्री बासावाराजू एस.	राजनांदगांव
2.	श्री हिमशिखर गुप्ता	कवर्धा
3.	श्री के. सी. देवासेनापति	बिलासपुर
4.	श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक	कांकेर
5.	सुश्री शम्मी आबिदी	रायपुर
6.	श्री यशवंत कुमार	सरगुजा

2. उपर्युक्त अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में प्रथम दौर के प्रशिक्षण के बाद कार्यमुक्त होने पर, कार्य ग्रहण अवधि का लाभ उठाकर अपनी पदस्थापना के जिले में कार्यभार ग्रहण करेंगे.

रायपुर, दिनांक 22 मई 2008

क्रमांक ई-01-01/2008/एक/2.—श्री अंबलगन पी., भा. प्र. से. (2004) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दंतेवाड़ा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कोरिया पदस्थ किया जाता है.

2. श्रीमती अलरमेलमंगई डी., भा. प्र. से. (2004) अपर कलेक्टर, दंतेवाड़ा की सेवायें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कोरबा के पद पर पदस्थापना हेतु सौंपी जाती हैं.

3. श्री मुकेश कुमार, भा. प्र. से. (2005) अनुविभागीय अधिकारी, पंडरिया, जिला कबीरधाम (कवर्धा) की सेवायें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दंतेवाड़ा के पद पर पदस्थापना हेतु सौंपी जाती हैं.

4. श्री एस. प्रकाश, भा. प्र. से. (2005) अनुविभागीय अधिकारी, मनेन्द्रगढ़, जिला कोरिया को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक अपर कलेक्टर, दंतेवाड़ा पदस्थ किया जाता है.

5. श्रीमती संजीता गुप्ता, (भा. व. से.) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कोरबा जिनकी सेवायें पूर्व से ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रतिनियुक्ति हेतु सौंपी गई है, को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक मानिटरिंग एण्ड लर्निंग एक्सपर्ट, नवा अंजोर, रायपुर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शिवराज सिंह, मुख्य सचिव.

रायपुर, दिनांक 21 मई 2008

क्रमांक ई-7/59/2004/1/2.—श्री अमीर अली, भा. प्र. से., संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को दिनांक 14-05-2008 से 24-05-2008 तक 11 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है एवं दिनांक 25-05-2008 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री अली, भा. प्र. से. आगामी आदेश तक संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री अली को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अली अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 22 मई 2008

क्रमांक बी-1-6/2007/एक/4.—श्री टामन सिंह सोनवानी (रा. प्र. से. आर. आर.-91, प्रवर श्रेणी) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कोरिया की सेवाएं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से वापस लेते हुये उन्हें अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग पदस्थ किया जाता है.

2. श्री विपिन मांझी (रा. प्र. से. आर. आर.-96, प्रवर श्रेणी) अपर कलेक्टर, जशपुर की सेवायें अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जशपुर के पद पर पदस्थापना हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी जाती है.

3. श्री एच. एल. नायक (रा. प्र. से. आर. आर.-94, प्रवर श्रेणी) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जशपुर की सेवायें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से वापस लेते हुये उन्हे अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, अपर कलेक्टर, जशपुर पदस्थ किया जाता है.

4. उपरोक्त पदस्थापना/स्थानांतर के संबंध में समन्वय में माननीय मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त किया गया है.

रायपुर, दिनांक 23 मई 2008

क्रमांक बी-7/14/2007/1/2.—श्री रजत कुमार, भा. प्र. से., तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगढ़, जिला रायगढ़ को दिनांक 08-02-2008 से 15-02-2008 तक (08 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 16 एवं 17 फरवरी, 2008 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश काल में श्री रजत कुमार को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

3. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री रजत कुमार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 23 मई 2008

क्रमांक ई-7/14/2007/1 /2.—श्री रजत कुमार, भा. प्र. से., तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगढ़, जिला रायगढ़ को दिनांक 24-12-2007 से 03-01-2008 तक (11 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 23-12-2007 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश काल में श्री रजत कुमार को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

3. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री रजत कुमार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. बाजपेयी, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 24 मई 2008

क्रमांक एफ 6-6/2008/1/एक.—राज्य शासन एतद्द्वारा माननीय श्री नरेन्द्र सिंह भदौरिया, कार्यकारी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर को दिनांक 20-5-2008 से 4-6-2008 तक 16 दिन का पूर्ण वेतन भत्तों सहित अर्जित अवकाश की स्वीकृति एवं अवकाश पूर्व दिनांक 17 से 19-5-2008 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ तथा मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विजय कुमार सिंह, अवर सचिव.

वित्त विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 मई, 2008

विषय :- ऋण संबंधी प्रस्तावों के संबंध में.

क्रमांक/201/एल-4/1/08/ब-4/4.—वित्त विभाग के ध्यान में यह तथ्य आया है कि कुछ विभागों द्वारा वित्त विभाग की सहमति प्राप्त किये बिना ही विभिन्न ऋणदाता संस्थाओं से प्रत्याभूति प्राप्त होने की प्रत्याशा में अथवा लेटर ऑफ कम्फर्ट के आधार पर संस्थाओं से ऋण प्राप्त किया जा रहा है. ऋण प्रस्ताव स्वीकृत होने के पश्चात् वित्त विभाग को उनके संबंध में जानकारी प्राप्त हो रही है. यह प्रक्रिया नियमानुसार नहीं है.

कार्य आवंटन नियमों के भाग-4 (वित्त विभाग) अ-4 के अनुसार राज्य के लोक ऋण, 11-संसाधन तथा 12- वित्तीय संसाधन बढ़ाने संबंधी सामान्य नीति वित्त विभाग को आवंटित विषय है. इसी प्रकार छत्तीसगढ़ कार्यपालक शासन के कार्य नियमों के भाग-1 के नियम 11-1 के अनुसार कोई भी विभाग वित्त विभाग से पूर्व परामर्श किये बिना ऐसे किन्हीं भी आदेशों को प्राधिकृत नहीं करेगा, जो या तो तत्काल या अपने प्रतिप्रभावों द्वारा राज्य की वित्तीय व्यवस्था को प्रभावित करता हो.

अत: उपरोक्त से स्पष्ट है कि राज्य की विकास योजनाओं के लिये राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करना जिसमें ऋणों के माध्यम से राशि प्राप्त किया जाना सम्मिलित है, वित्त विभाग को आवंटित विषय है. किसी भी माध्यम से ऋण लिये जाने पर प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से राज्य पर इसके पुनर्भुगतान का भार आता है तथा इससे राज्य की राजकोषीय नीति व्यवस्था प्रभावित होती है.

अत: सभी विभागों को निर्देशित किया जाता है कि ऋण दाता संस्थाओं को ऋण प्राप्त करने का प्रस्ताव वित्त विभाग की स्वीकृति के बिना न भेजा जावे. ऐसी संस्थाओं से किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन की प्रत्याभूति प्राप्त होने की प्रत्याशा में अथवा लेटर ऑफ कम्फर्ट के माध्यम से ऋण प्राप्त न किया जावें. यह राज्य की वित्तीय व्यवस्था बनाये रखने के लिये आवश्यक है. अत: इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जावे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. एस. मिश्रा, प्रमुख सचिव.

कृषि विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 12 मई 2008

क्रमांक/2051/कृषि/किसान आयोग/2006/14-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा विभाग की अधिसूचना क्रमांक/3926/कृषि/किसान आयोग/2008/14-2 दिनांक 29-09-2007 द्वारा गठित छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद् में एक अतिरिक्त उपाध्यक्ष (अशासकीय) के मनोनयन का प्रावधान करती है. उपाध्यक्ष (अशासकीय) का अधिकतम कार्यकाल 3 वर्ष होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रदीप कुमार दवे, उप-सचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 16 मई 2008

क्रमांक एफ 5-10/2001/खाद्य/29.—उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (क्र. 68 सन् 1986) की धारा 16 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति महोदय के परामर्श से मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर से सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्री सुभाष चन्द्र व्यास, को छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, रायपुर के अध्यक्ष के पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त करता है.

न्यायमूर्ति श्री सुभाष चन्द्र व्यास, अध्यक्ष का कार्यकाल 5 वर्ष अथवा उनकी 67 वर्ष की आयु जो भी पूर्व में हो, रहेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आलोक शुक्ला, सचिव.

रायपुर, दिनांक 16 मई 2008

क्रमांक एफ 5-10/2001/खाद्य/29.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 16-5-2008 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आलोक शुक्ला, सचिव.

Raipur, the 16th May, 2008

No. F 5-10/2001/Food/29.— In exercise of the powers conferred by Clause (A) of sub- section (1) of section 16 of Consumer Protection Act, 1986 (No. 68 of 1986), the State Government in consultation with the Chief Justice of Chhattisgarh High Court, Bilaspur is pleased to appoint Shri Justice Subhash Chandra Vyas, Retired Judge of Madhya Pradesh High Court as president of Chhattisgarh State Consumer Disputes Redressal Commission, Raipur.

The term of the office of Shri Justice Subhash Chandra Vyas, as president shall be for period of 5 years or upto the age of Sixty-seven years, whichever is earlier.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
ALOK SHUKLA, Secretary.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 9 मई 2008

क्रमांक-943-ए/एफ 4-25/32/2006/पार्ट-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश में चतुर्थ श्रेणी सेवा में भर्ती की रीति तथा विस्तार को विनियमित करने हेतु निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम** - (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश चतुर्थ श्रेणी सेवा तथा भर्ती नियम 2008 है.

(2) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **लागू होना** - यह नियम अनुसूची के कालम (2) में विनिर्दिष्ट किए गए पदों के लिए लागू होगा.

3. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि** - सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या तथा उससे संलग्न वेतनमान, भर्ती के तरीके, आयु सीमा तथा अन्य विषय अनुसूची के कॉलम (3) में अन्तर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार होगा.

4. **आरक्षण** - (i) सीधी भर्ती के पदों के लिए अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों हेतु आरक्षण छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों हेतु आरक्षण) अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार होगा.

(2) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति के आरक्षण तथा विचारण क्षेत्र) नियम, 1997 के प्रावधान के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण होगा.

(3) **महिलाओं के लिए आरक्षण** - महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण छत्तीसगढ़ लोक सेवा (लोक सेवा तथा पदों में महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष प्रावधान) नियम, 1997 के अनुसार होगा.

5. **व्यावृत्ति** - इन नियमों की कोई भी बात, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग हेतु उपबंधित आरक्षण तथा छूट को प्रभावित नहीं करेगी. भूतपूर्व सैनिक, शासकीय सेवक जो सेवावधि के दौरान मृत हुआ हो के परिवार के एक सदस्य की नियुक्ति, विकलांग व्यक्ति तथा अन्य श्रेणी से संबंधित अन्य व्यक्ति, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार नियमित किए जायेंगे.

6. **निरसन तथा व्यावृत्ति** - इन नियमों के तत्स्थानी और इनके प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त समस्त नियम, इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किये जाते हैं

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई भी आदेश या की गई कोई कार्यवाई इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्यवाई समझी जायेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एस. दीक्षित, उप-सचिव.

अनुसूची
सीधी भर्ती हेतु

अनु. क्र.	पदों का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	भर्ती का तरीका सीधी भर्ती द्वारा अथवा पदोन्नति द्वारा अथवा स्थानांतरण द्वारा अथवा विभिन्न तरीकों द्वारा भरे जाने वाले रिक्त पदों का प्रतिशत	अधिकतम/ न्यूनतम आयु सीमा	विहित शैक्षणिक अर्हता	परिवीक्षा की कालावधि यदि हो	पदोन्नति के मामले में विहित आयु सीमा तथा सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक अर्हता लागू होगी	सीधी भर्ती के मामले में पदोन्नति, स्थानांतरण के साथ पदोन्नति द्वारा अथवा स्थानांतरण द्वारा होगा	सीधी भर्ती तथा पदोन्नति के लिए चयन समिति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
1.	दफ्तरी	02	चतुर्थ श्रेणी	रु. 2610-3540	पदोन्नति द्वारा 100%	18 से 35 वर्ष	5 वीं पास	एक वर्ष	क्र.	5 वर्ष की निरंतर सेवा तथा बुक बाइंडिंग फेरो प्रिंटिंग कार्य की जानकारी.	1. अपर संचालक नगर तथा ग्राम निवेश अथवा उसकी अनुपस्थिति में संयुक्त संचालक- अध्यक्ष

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
2.	चैनमेन	11	चतुर्थ श्रेणी	रु. 2250-3200	सीधी भर्ती द्वारा 100%	18 से 35 वर्ष	5वीं पास	एक वर्ष	क्र.	-	2. संचालक/आयोग द्वारा नामांकित संयुक्त संचालक-सदस्य टीप: यदि कोई अधिकारी उपरोक्त समिति के लिये नियुक्त है ऐसे अधिकारी की अनुपस्थिति में आगामी कनिष्ठ अधिकारी बैठकों में भाग लेगा.
3.	भृत्य	13	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	-	
4.	चालक (ड्रायवर)	03	चतुर्थ श्रेणी	जिलाधीश कार्यालय दर पर	सीधी भर्ती 100%	-तदैव-	8वीं पास तथा चार पहिया व्यवसायिक ड्राइविंग लायसेंस होना चाहिए	-	-		
5.	पार्ट टाईम स्वीपर	01	तदैव	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	-	-	-	-	

टीप :- (1) दफ्तरी के पद पर पदोन्नति हेतु विचार करने के लिए चैनमेन/भृत्य को जोड़कर वरिष्ठता सूची बनाई जाएगी तथा ऐसी वरिष्ठता सूची में कर्मचारियों के नाम, निम्न पदों पर उनके द्वारा स्थानापन्न रूप से की गई निरंतर सेवा के आधार पर रखा जाएगा.

(2) दफ्तरी के पद पर पदोन्नति के लिए, विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किया जाएगा जिसे अपर संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा नामांकित किया जाएगा.

Raipur, the 9th May 2008

No. 943-A/F 4-25/32/2006/part-3.— In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh hereby makes the following rules to regulate the method and scope of recruitment to the Class-IV service in Chhattisgarh Town and Country Planing, namely :-

RULE

1. **Short Title** - (1) This rule may called Chhattisgarh Town and Country Planning Class-IV Service and Recruitment Rule, 2008.

(2) It shall come into force with effect from the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Application** - This rule shall apply to the posts specified in column (2) of the Schedule.

3. **Classification and Scale of pay etc.**- The classification of service, the number of posts included in the service and the scale of pay attached thereto method of recruitment, age limit and other matters shall be in accordance with provisions contained in columns (3) to (12) of Schedule.

4. **Reservation -** (1) Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Backward Classes. Reservation for the posts of direct recruitment shall be made in accordance with the provisions of the Chhattisgarh Public Service (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Act, 1994.

(2) Reservation in promotion shall be made for the candidates of Scheduled Castes, Scheduled Tribes in accordance with provision of Chhattisgarh Civil Service (Reservation in promotion and zone of consideration) Rules, 1997.

(3) **Reservation for women-** Reservation for women candidate shall be made in accordance with the provisions of the Chhattisgarh Civil Service (Special Provision of Appointment of Women in Public Service and Posts) Rules, 1997.

5. **Saving-** Nothing in these rules shall effect reservation and relaxation provided for the Scheduled Castes and Sceduled Tribes and Other Backward Classes for Ex-serviceman compassionatory appointment to the one member of the family of the Government employees, who dies during service period, handicapped persons and other persons belonging to other categories and shall be rugulated in accordance with the orders issued by the State Government from time to time in this regard.

6. **Repeal and Saving-** All rules corresponding to these rules and in force immediately before the commencement of these rules are hereby repealed in respect of matters covered by these rules.

Provided that any order made or any action taken under rules so repealed shall be deemed to have been made or taken under the corresponding provisions of these rules.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
J. S. DIXIT, Deputy Secretary.

SCHEDULE

For Direct Recruitment

S. No.	Name of Post	Number of Post	Classification	Scale of pay	Method of recruitment percentage of vacant posts to be filled by direct recruitment or by promotion or by transfer and by different methods	Age limit Minimum/ maximum	Prescribed Educational qualification	period of probations Trial if any	Whether in the case of promotion prescribed limit age and educational qualification to the direct recruitment will be apply	In case of recruitment by promotion or transfer post from with promotion transfer will be made	Selection committee for direct recruitment and promotion
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
					(a) Headquarter (Including Chhattisgarh Town and Country Planning Department/ Office)						
1.	Daftari	02	Class-IV	Rs. 2610-3540	100% by Promotion	18 to 35 years	5th Pass	One year	No.	5 years continuous service and knowledge of Books-binding filing and Ferro printing work	1. Additional Director, Town and Country Planning or in his absence joint Director or Chairman

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)
2.	Chainman	11	Class-IV	Rs. 2550-3200	100% by direct recruitment	18 to 35 years	5th Pass	One year	No.		2. Joint Director, nominated by the Director/ Commission as Member.
3.	Peon	13	-do-	-do-	-do-	-do-	-do-	-do-	-do-		
4.	Driver	03	Class IV	Collectorate Rate	100% direct recruitment	-do-	8th pass and should possess four wheel commercial driving license.	-	-		Note : if any officer is appointed for the above committee in the absence of such officer next Junior officer will take part in the meetings.
5.	Part Time Sweeper	01	-do-	-do-	-do-	-do-	-	-	-		

Note :- (1) To consider for promotion on the post of Daftari, combined seniority list of Chainman/Peon shall be made and the name of employees in such seniority list shall be placed on basis of officiating continuous service rendered by them on the lower posts.

(2) For promotion on the post of Daftari, nominated Departmental promotion committee shall be constituted which shall be nominated by Additional Director, Town and Country Planning.

गृह (पुलिस) विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 15 मई 2008

क्रमांक एफ 3-36/2008/बजट/गृह-दो.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए नीचे दी गई सारणी में वर्णित स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व अधिसूचनाओं में आंशिक रूप से भेद करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा जन सुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से, कालम नं. (3) में वर्णित पुलिस थानों के उक्त सारणी के कालम (4) की तत्संबंधित प्रवृष्टि में उल्लेखित किये गये स्थानीय क्षेत्रों को कालम नं. 3 में वर्णित थानों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ही कालम नं. 2 में वर्णित पुलिस नवीन थाना के स्थानीय क्षेत्राधिकार में अधिसूचित करता है :-

क्र.	नवीन चौकी/थाना का नाम	उस पुलिस थाने का नाम (तह. जिला सहित) जिसमें से अपवर्जित किया गया	स्थानीय क्षेत्र	
			ग्राम का नाम	पटवारी हल्का नम्बर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	धौड़ाई	थाना- छोटे डोंगर जिला-नारायणपुर	झारा	11
			कोगेरा	11
			महिमागनाड़ी	12

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	धौड़ाई	थाना-छोटे डोंगर	कौशलनार	11
		जिला-नारायणपुर	धौड़ाई	12
			कनेरा	15
			तारगांव	13
			आतरगांव	13
			ताडोनार	वनक्षेत्र
			पल्ली	12
			दुड़मी	12
			बांसपाल	12
			तोयनार	वनक्षेत्र
			छोटे कुम्हारी	15
			बोया	12
			कोकघाड़	15
			तिरकानार	15
			सुलेंगा	15
			गड़ागड़ा	15
			कन्हारगांव	16
			टेमरूगांव	15
			यदनार	15
		20 किमी. दूरी पूर्व में	कोकड़ी	15
2.	फरसगांव	जिला-नारायणपुर	फरसगांव	9
			बेड़माकोट	10
			एड़गपाल	10
			माडोकी	9
			मुंडपाल	10
			छिनारी	11
			बागझर	11
			आदपाल	11
			दण्डवन	10
			कड़हागांव	10
			तुरठा	10
			मलेचूर	9
			तेरदूल	9
			कोडोली	9
			करमरीकला	9
			करमरी खुर्द	9
			ताडोनार	9
			परलभाट	9
			हिकोनार	9
			गोगला	9
			आमगांव	9
			कापसी	8
3.	धनोरा	जिला-नारायणपुर	धनोरा	14
			राजपुर	14
			हिक्मुल्ला	14
			हिरगई	14
			बेड़मा	14

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
3.	जिला-नारायणपुर		झाराकला	14
			ईदनार	वनक्षेत्र
			मड़मनार	14
			टेकानार	14
			झोरीगांव	14
			मक्सोली	वनक्षेत्र
4.	मोदकपाल	थाना-बीजापुर तह.- भोपालपटनम् जिला-बीजापुर	मोदकपाल	16
			एकनापल्ली	16
		थाना-उसूर, तह.- भोपालपटनम् थाना व तह.- बीजापुर.	नुकनपाल	17
			रालापाल	03
			कोडेपाल	03
			पेंदकावाली	28
5.	तोयनार	थाना-फरसेगढ़ तह.- भैरमगढ़, जिला-बीजापुर	मुचलेर	01
		थाना व तह. जिला-बीजापुर	दोगोली	25 ब
			एरमनार	25 ब
			धनोरा	27
			बोरजे	27
			तोयनार	26
			पापनपाल	26
			आदेड़	26
			मिरते	26
		थाना-फरसेगढ़ तह. जिला बीजापुर.	मोरमेण्ड	26
			चिंतनपल्ली	26
			कचलारम	25
6.	पोलमपल्ली	थाना-दोरनापाल तह.-कोंटा, जिला दंतेवाड़ा	पोलमपल्ली	44
			कोर्रापाड़	43
			रंगईगुड़ा	43
			पालमड़गू	43
			अरलापल्ली	43
			इत्तागुड़ा	44
			बरदेल	43
			तोंगगुड़ा	
			गोंदपल्ली	44
			कांकेरलंका	43

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
6.	पोलमपल्ली	थाना-दोरनापाल	तोंयापारा	44
		तह.-कोंटा, जिला दंतेवाड़ा	पुनपल्ली	44
			गोरगुड़ा	44
			निलावाया	34
		थाना- चिंतागुफा, तह.- कोंटा	गोडेलगुड़ा	42
		जिला-दंतेवाड़ा	उपमपल्ली	34
			चिकपल्ली	43
			पुसवाड़ा	42
			जागाराम	वनग्राम
7.	अरनपुर	थाना-किरंदुल, तह.- कुआंकोंडा	अरनपुर	37
		जिला-दंतेवाड़ा	अचेली	37
			पोण्डका	36
			तनेली	36
			माडेन्दा	35
			अरबो	41
			समेली	35
		थाना व तह.- कुआंकोंडा	नीलावाया	41
		जिला-दंतेवाड़ा	जबेली	41
			रेवाली	40
			ककाड़ी	38
			मेढ़पाल	35
			बरेम	41
			कोटाली	39
			नहाड़ी	38
			बुरगुम	40
			परिया	40
		थाना-जगरगुंडा, तह.- सुकमा	पुरंगेल	35
		थाना- गादीरास, तह.- सुकमा	मूलेर	29
			पुजारीपाल	30
			डोंगेरस	30
			चिरमूर	29
			पोरदेम	29
			गोंदपल्ली	30
			मारोकी	27
			मुरकी	27
8.	ताड़ोकी	थाना व तह.-अंतागढ़	ताड़ोकी	7
		जिला-कांकेर	सरण्डी	9
			आमागांव	9
			बोदानार	7
			हबेचुर	7
			घीटूलबेड़ा	7

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
8.	ताड़ोकी	थाना व तह.- अंतागढ़	कलेपरस	7
		जिला-कांकेर	आमाकड़ा	6
			कचवर	6
			गुजनार	7
			कुरसेल	6
			चिंगनार	7
			चापोण्डी	9
			छोटेघोष	9
			बड़ेघोस	9
			मुरनार	9
			बरेबेला	3
			सिंरसागी	6
			एड़ानार	9
			पदबेड़ा	7
			मलमेटा	9
			माहुरपाट	9
			तुमापाल	9
			मशपुर	9
9.	बड़ांजी	थाना-लोहंडीगुड़ा	बंड़ाजी	20
		जिला-बस्तर	टाकरागुड़ा	20
			बेलर	20
			छापरभानपुरी	63
			सांकरगांव	63
			गुनियापाल	63
			बुरंजी	63
			सिरिसगुड़ा	63
			दाबपाल	18
		थाना-परपा	टाहकापाल	18
		जिला-बस्तर	बड़ेपरोदा	64
			टांटपाल	64
			गुचागुड़ा	64
			चुण्डीगुड़ा	63
			सिंगपुर	63
			पोटानार	64
		थाना-कोड़ेनार	बारूपाटा	65
		थाना-परपा	साल्हेपाल	64
			काकापाल	64
		थाना-लोहड़ीगुण्डा	कुम्हली	20
			छिंदपाल	20
			बड़ेचकवा	20
			पल्लीचकवा	20
			बोड़नपाल	20
			नदीसागर	20

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
		थाना-लोहड़ीगुण्डा	पराली	20
			झारातराई	20
10.	महिला- थाना अंबिकापुर	जिला- अंबिकापुर	-	सम्पूर्ण सरगुजा जिला जो महिला थाना के अंतर्गत आयेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय पिल्ले, सचिव.

रायपुर, दिनांक 21 मई 2008

क्रमांक एफ 3-45/2008/बजट/गृह-दो.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए नीचे दी गई सारणी में वर्णित स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व अधिसूचनाओं में आंशिक रूप से भेद करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा जन सुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से, कालम नं. (3) में वर्णित पुलिस थानों के उक्त सारणी के कालम (4) की तत्संबंधित प्रविष्टि में उल्लेखित किये गये स्थानीय क्षेत्रों को कालम नं. 3 में वर्णित थानों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ही कालम नं. 2 में वर्णित पुलिस थाना के स्थानीय क्षेत्राधिकार में अधिसूचित करता है :-

क्र.	थाने का नाम	उस पुलिस थाने का नाम (तह. जिला सहित) जिसमें से अपवर्जित किया गया	स्थानीय क्षेत्र	
			ग्राम का नाम	पटवारी हल्का नम्बर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	थाना-बरमकेला, तह-सारंगढ़ जिला-रायगढ़	थाना-सरिया, जिला-रायगढ़	गोबरसिंहा	37

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. मिंज, अतिरिक्त सचिव.

गृह (परिवहन) विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 12 मई 2008

क्रमांक-एफ-5-8/दो/आठ-परि./2008.— राज्य शासन एतद्द्वारा मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 68 की उपधारा-3 के खण्ड (ग-क) के अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसरण में राज्य सरकार एतद्द्वारा बिलासपुर संभाग क्षेत्रान्तर्गत मंजिली गाड़ियों के संचालन हेतु निम्नानुसार सम्पूर्ण मार्ग या उसके भाग के लिए विनिश्चितकरण (Route Formulation) करती है :-

क्र.	मार्ग का नाम	व्हाया
(1)	(2)	(3)
1.	लवाकेरा से पत्थलगांव	एकिरा, कोलेनझारिया, फरसाटोली, लुडेग
2.	बगीचा से सबाग	सामरी, कुसमी, डीपाडीह, सुलेसा

(1)	(2)	(3)
3.	रामानुजगंज से जवाहरनगर	बलरामपुर, राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी
4.	चिरमिरी से उदयपुर	दुबछोला, बैकुंठपुर, श्रीनगर, पोड़ी, सुरता, खम्हरिया, खरौद
5.	कोरबा से बैकुण्ठपुर	कटघोरा, कोरबी, सिरमिना, पोड़ी, खरौद
6.	चिरमिरी से लखनपुर	दुबछोला, बैकुण्ठपुर, श्रीनगर, पोड़ी, खम्हरिया, सलका, उदयपुर
7.	चांपा से नरियरा	अफरोद, चोटिया, ठठारी, जैजैपुर, हसौद
8.	नरियरा से चांपा	हसौद, जैजैपुर, ठठारी, चोटिया, अफरोद
9.	कोरबा से डभरा	चांपा, बाराद्वार, जैजैपुर, हसौद, नरियरा
10.	डभरा से कोरबा	नरियरा, हसौद, जैजैपुर, बाराद्वार, चाम्पा, उरगा
11.	नरियारा से कोरबा	हसौद, जैजैपुर, बाराद्वार, सकरेली, तुर्री, बरपाली, तुमान, उरगा
12.	नरियरा से कोरबा	हसौद, जैजैपुर, बाराद्वार, सकरेली, तुर्री, जर्वे, सिवनी, चांपा, उरगा
13.	नरियरा से कोरबा	हसौद, जैजैपुर, बाराद्वार, सकरेली, तुर्री, उमरेली, सोहागपुर, उरगा
14.	चांपा से मालखरौदा	बाराद्वार, नंदेली, खम्हाडीह, दुबछोला, मिशनचौक
15.	बाराद्वार से चन्द्रपुर	डूमरपारा, लवसरा, मुलीडीह, मालखरौदा, छपोरा, डभरा
16.	बाराद्वार से चन्द्रपुर	जैजैपुर, हसौद, छपोरा, डभरा
17.	बाराद्वार से चन्द्रपुर	जैजैपुर, हसौद, नरियरा, डभरा
18.	बाराद्वार से सारंगढ़	जैजैपुर, हसौद, बरेकेल, सरसिंवा
19.	बाराद्वार से बिलासपुर	सरगांव, बम्हनीहडीह, बिर्रा, शिवरीनारायण, पामगढ़
20.	बाराद्वार से शिवरीनारायण	जैजैपुर, बिर्रा, शिवरीनारायण
21.	सक्ति से शिवरीनारायण	बाराद्वार, बम्हनीहडीह, बिर्रा
22.	सक्ति से शिवरीनारायण	बाराद्वार, जैजैपुर, बिर्रा
23.	हैडसपुर से उमरेली	पंतोरा, खिसोरा, बलौदा, पहरिया, जांजगीर, चांपा, सिवनी, उमरेली
24.	अमलडीहा से कोरबा	बरतोरी, बिटकुली, बिल्हा, बिलासपुर, रतनपुर, पाली, सुमर्रा, बाकीमोंगरा, कुसमुण्डा
25.	बैलादुला से सारंगढ़	गोपालपुर, छिंद
26.	बरदुला से रिसोड़ा	सारंगढ़, बरमकेला
27.	सारंगढ़ से टाटा	छिंद, भिलाईपाली
28.	टाडीपार से सारंगढ़	छिंद
29.	पंडरिया से बदना	कुकदुर, मुनमुना
30.	मरौल से सुपकालो	महादेवडांड, बासेन, बटईकेला, कांसाबेल, पत्थलगांव, कापू
31.	जैजैपुर से चन्द्रपुर	मालखरौदा, परसाभाटा, खरसिया, घुरकोट
32.	खरसिया से चन्द्रपुर	घुरकोट, बघैत, अमलडीह
33.	जैजैपुर से खरसिया	मालखरोद, परसाभाटा, फगुरम
34.	सक्ति से बिलासपुर	चाम्पा, जांजगीर, अकलतरा, मस्तूरी
35.	गिधौरी से बलौदा	शिवरीनारायण, भुईगांव, पामगढ़, अकलतरा
36.	डभरा से कोरबा	सिंघरा, सक्ति, तुमान
37.	शिवरीनारायण से सक्ति	केरा, बिर्रा, हसौद, छपोरा, मालखरौद
38.	जैजैपुर से चन्द्रपुर	मालखरौदा परसाभाठा, खरसिया, बघौत, अमलडीह

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

अशोक जुनेजा, विशेष सचिव.

खनिज साधन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 मई 2008

क्रमांक एफ 1-37/2007/12.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ भौमिकी तथा खनिकर्म तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय तथा अलिपिक वर्गीय) सेवा के लिए भर्ती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ** :— (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ भौमिकी तथा खनिकर्म, तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय तथा अलिपिक वर्गीय) सेवा भर्ती नियम, 2008 है।

(2) ये "राजपत्र" में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएँ** :— इन नियमों में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, :—

(क) सेवा के संबंध में " नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, अनुसूची चार में यथाउल्लिखित नियुक्ति प्राधिकारी,

(ख) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, संचालित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षा,

(ग) "सरकार" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ सरकार,

(घ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ,

(ङ.) "अन्य पिछड़े वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर यथासंशोधित अधिसूचना क्रमांक– एफ 8–5–पच्चीस–4–84, तारीख 26.12.1984 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग,

(च) "पदोन्नति समिति" से अभिप्रेत है, नियम 13 के उपनियम 1 के अनुसार गठित समिति,

(छ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनूसूची,

(ज) "अनूसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति,

(झ) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति,

(ञ) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ भौमिकी तथा खनिकर्म, तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय तथा अलिपिक वर्गीय) सेवा ,

(ट) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य,

(ठ) "चयन समिति" से अभिप्रेत है, नियम 6 के उपनियम 4 के अनुसार गठित समिति।

3. **विस्तार तथा लागू होना** :– छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य को लागू होंगे ।

4. **सेवा का गठन** :– सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :–

(1) वे व्यक्ति जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय अनुसूची एक में विनिर्दिष्ट पद मूलतः धारण कर रहे हों ।

(2) वे व्यक्ति जो इन नियमों के प्रारंभ होने से पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों।

(3) वे व्यक्ति जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हो ।

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि** :– सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या, उनसे संलग्न वेतनमान अनुसूची–एक में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होगा ।

परन्तु सरकार समय–समय पर सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में या तो स्थायी या अस्थायी आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगी ।

6. **भर्ती का तरीका** :–(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जायेगी, अर्थात् :–

(क) प्रतियोगिता परीक्षा /चयन कर सीधी भर्ती द्वारा,

(ख) अनुसूची चार के कालम (2) तथा (3) में सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा,

(ग) इस निमित्त विनिर्दिष्ट किए गये अनुसार ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों को मौलिक हैसियत से धारण करते हो, उन व्यक्तियों की स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा ।

(2) उपनियम (1) के खंड (ख) अथवा खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची एक में यथाउल्लिखित कर्तव्य पदों की संख्या के,अनुसूची दो में दर्शाये गए प्रतिशत् से किसी भी समय अधिक नहीं होगी ।

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सेवा में किसी भी ऐसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को जिसे भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरा जाना अपेक्षित हो, भरे जाने के प्रयोजन के लिये अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा ऐसे प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति

प्राधिकारी द्वारा सरकार के परामर्श से अवधारित की जायेगी ।

(4) उपनियम (1) के खण्ड (क) में सीधी भर्ती के लिए एक चयन समिति गठित की जायेगी। चयन समिति में निम्नानुसार सदस्य होगें:-

1.	संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म अथवा उनके द्वारा मनोनीत अधिकारी	अध्यक्ष
2.	नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा मनोनीत संयुक्त संचालक (भौमिकी) / संयुक्त संचालक (खनिज प्रशासन)	सदस्य
3.	उप संचालक (वित्त एवं प्रशासन)	सदस्य
4.	नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा मनोनीत विषय विशेषज्ञ	सदस्य
5.	अधीक्षक (संचालनालय)	सदस्य सचिव

चयन समिति में कम से कम एक सदस्य अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का होगा, नही होने की स्थिति में एक सदस्य अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नामांकित किया जाएगा।

सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों के लिए मेरिट के आधार पर चयन के लिए सरकार द्वारा मापदंड निर्धारित किये जायेंगे, तथापि चयन समिति इन मापदण्डों के अलावा अन्य युक्तिसंगत मापदण्ड, सरकार की सहमति से अपना सकेगी।

(5) उपनियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो तो सरकार सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से, उक्त उपनियम में विनिर्दिष्ट सेवा में भर्ती के लिए उन तरीकों से भिन्न ऐसे अन्य तरीके अपना सकेगी, जो इस संबंध में जारी किए गए आदेश द्वारा विहित किया जाये।

(6) सेवा में भर्ती के समय छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ें वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 के प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले निर्देश लागू होंगे ।

7. **सेवा में नियुक्ति** :- इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में समस्त नियुक्तियॉ नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन के पश्चात् ही की जायेगी, अन्यथा नहीं ।

8. **सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की पात्रता की शर्तें** :– प्रतियोगी परीक्षा/चयन के लिए पात्र होने के लिए अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी अर्थात् :–

(1)आयु–(क) परीक्षा/ चयन प्रारंभ होने की तारीख के पश्चात् आगामी पहली जनवरी को उसने अपनी आयु के उतने वर्ष पूरे कर लिए हों जितने की अनुसूची तीन के कॉलम 3 में विनिर्दिष्ट है किन्तु उतने वर्ष पूरे न किए हो जितने की उक्त अनुसूची के कालम 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ें वर्ग का हो तो उच्चतर आयु सीमा में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक की छूट दी जावेगी ।

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों की उच्चतर आयु–सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।

(घ) उन अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा में भी जो छत्तीसगढ़ सरकार के कर्मचारी हों या कर्मचारी रह चुके हों, नीचे विनिर्दिष्ट की गयी सीमा तक तथा शर्तों के अधीन छूट दी जायेगी, अर्थात्:–

(एक)ऐसा अभ्यर्थी, जो छत्तीसगढ़ का स्थायी अथवा अस्थायी सरकारी सेवक है, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए ।

(दो)ऐसा अभ्यर्थी, जिसमें कार्यभारित कर्मचारी, आकस्मिकता से वेतन प्राप्त करने वाला व्यंक्ति, तथा परियोजना कार्यान्वयन समितियों में नियोजित व्यक्ति सम्मिलित है, जो अस्थायी रूप से पद धारण करता है तथा किसी अन्य पद के लिए आवेदन करता है, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए ।

(तीन)जो अभ्यर्थी छटनी किया गया सरकारी सेवक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व मे की गयी समस्त अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं के कारण हो, कम करने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा, बशर्ते इसके परिणाम स्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु–सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो ।

स्पष्टीकरण – शब्द "छटनी किये गये सरकारी सेवक" से द्योतक है ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य की या किन्ही भी संघटक इकाईयों की अस्थायी सरकारी सेवा में कम से कम छः मास की कालावधि तक निरंतर रहा हो तथा जिसे रोजगार कार्यालय में अपना नाम पंजीयन कराने

अथवा सरकारी सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवामुक्त किया गया हों।

(चार) ऐसे अभ्यर्थी, जो भूतपूर्व सैनिक हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गयी समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा, बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु से 3 वर्ष से अधिक न हो ।

स्पष्टीकरण -- शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से घोतक है, ऐसा व्यक्ति जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छः मांस की कालावधि तक निरंतर नियोजित रहा हो तथा जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन करने या सरकारी सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप या स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छटनी की गयी थी या जो अतिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया था ।

(1)ऐसा भूतपूर्व सैनिक जिन्हें समय पूर्व सेवानिवृत्ति रियायतों (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन मुक्त कर दिया गया हो ।

(2)ऐसा भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दुबारा नामांकित कर दिया गया हो, और जिन्हें --

(क)अल्पकालीन वचनबद्ध अवधि पूर्ण हो जाने पर

(ख)भर्ती संबंधी शर्त पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो ।

(3)मद्रास सिविल इकाई (यूनिट)के भूतपूर्व सैनिक,

(4)संविदा पूरी होने पर सेवोन्मुक्त किये गये अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) जिनमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल है ।

(5)ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें लगातार अवकाश पर रहने के कारण छः माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किये गये हो ।

(6)ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें इस आधार पर सेवा से मुक्त किया गया हो कि अब वे सक्षम सैनिक नही बन सकेंगे।

(7)ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें गोली लग जाने तथा घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सकीय आधार पर सेवा से अलग किया गया हो ।

(घ)ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें सेवा से विधिक रुप से अलग किया गया हो ।

(ड.) उन अभ्यर्थियों के संबंध में जो परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीनकार्ड धारक है, उच्चतर आयु सीमा 2 वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।

(च) विधवा तथा तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।

(छ) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण पति/पत्नि के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।

(ज) शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव सम्मान प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।

(झ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में जो छत्तीसगढ़ राज्य/निगम/मंडल के कर्मचारी है उच्चतर आयु सीमा 38 वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।

(ञ) स्वयं सेवी नगर सैनिकों तथा नान कमीशन्ड अधिकारियों के संबंध में उनके द्वारा इस प्रकार पूर्ण की गई नगर सेना सेवा की कालावधि के लिए सामान्य उच्चतर आयु सीमा में 8 वर्ष की छूट होगी । किन्तु ऐसी छूट 38 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए तथा आयु सीमा के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।

टिप्पणी–(1) उपर्युक्त खंड (ग) (एक) तथा (ग) (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतो के अन्तर्गत जिन अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन के योग्य माना गया है, वे यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् परीक्षा/चयन के पूर्व या उसके पश्चात् सेवा से त्यागपत्र दे दें तो नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे तथापि, यदि आवेदन भेजने के पश्चात् उनकी सेवा अथवा पद से छटनी की जाए तों वे नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे ।

टिप्पणी–(2)किसी भी अन्य मामले में आयु सीमाएं शिथिल नहीं की जायेगी। विभागीय अभ्यर्थी को चयन हेतु उपस्थित होने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी ।

(2) शैक्षणिक अर्हताएँ :– अभ्यर्थी के पास अनुसूची तीन में दर्शायी गयी, सेवा के लिये विहित शैक्षणिक अर्हताएँ होनी चाहिए, परंतु :–

(क) अपवादिक मामलों में नियुक्ति प्राधिकारी, सरकार की अनुशंसा पर, किसी अभ्यर्थी की अर्हता अनुसार जो यद्यपि इस खंड में विहित किसी अर्हता को उत्तीर्ण नहीं है, अन्य संस्था द्वारा उस मानक से संचालित किये गये परीक्षा उत्तीर्ण हो चुका है जिसके लिए नियुक्ति प्राधिकारी परीक्षा/चयन में उपस्थित होने हेतु विचार किया जा सकेगा।

(ख) अभ्यर्थी जो अन्यथा अर्ह है किंतु विदेशी विश्वविद्यालय से डिग्री लिया है, जो सरकार द्वारा विशेष तौर पर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय नहीं है, को भी नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक पर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु विचार किया जा सकेगा।

(3) फीस :– अभ्यर्थी को सरकार द्वारा विहित फीस का भुगतान करना होगा ।

9. निरर्हता :– अभ्यर्थियों की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्ही भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उसे परीक्षा/चयन के लिए निरर्हित ठहराया जा सकेगा ।

10. अभ्यर्थी की पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा :– चयन में प्रवेश के लिए किसी अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा और ऐसे किसी अभ्यर्थी को जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रवेश प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश के लिए अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

11. (1)चयन/प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती :–

(एक) सेवा में भर्ती के लिए प्रतियोगिता परीक्षा ऐसे अंतरालों से ली जावेगी जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी समय–समय पर अवधारित करे।

(दो) परीक्षा, सरकार द्वारा समय–समय पर, जारी किये गये आदेशों के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा ली जायेगी ।

(2) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए सीधी भर्ती के प्रक्रम पर पदों को छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार आरक्षित किया जायेगा ।

(3) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, उन अभ्यर्थियों को जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के सदस्य है, नियुक्ति पर विचार उसी क्रम में किया जायेगा जिस क्रम में उनके नाम नियम 13 में निर्दिष्ट सूची में आये हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षित रेंक कुछ भी क्यों न हो ।

(4) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों को जिन्हें समिति द्वारा प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए, सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया गया हो, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा ।

(5) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए पद आरक्षित रखे जायेंगे ।

(6) विकलांग अभ्यर्थियो के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आरक्षण रहेगा ।

(7) ऐसे मामलों में, जहां सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए कुछ कालावधि का अनुभव आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और सक्षम अधिकारी की राय में यह पाया जाये कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या मे उपलब्ध होने की संभावना नहीं है वहां सक्षम प्राधिकारी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के बारे में अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा ।

12. <u>चयन समिति द्वारा सिफारिश किये गये अभ्यर्थियों की सूची</u> :—(1) चयन समिति उन अभ्यर्थियों की योग्यता क्रम में एक सूची जो ऐरो स्तर से अर्हित हो, जैसा कि चयन समिति अवधारित करे तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों की सूची जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नहीं है फिर भी प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक ध्यान रखते हुए चयन समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किये गये है, तैयार करेगा तथा नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा। सूची सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भी प्रकाशित की जायेगी ।

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए उसी क्रम में विचार किया जायेगा जिसमें कि उनके नाम सूची में आये हों।

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम शामिल किये जाने से ही उसे तब तक नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होता जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान नहीं हो जाये कि अभ्यर्थी सेवा में

नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है ।

(4) चयन सूची, चयन समिति द्वारा इसके जारी किए जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के लिए विधि मान्य होगा।

13. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति** :–(1) पात्र अभ्यर्थियों को पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिए एक समिति गठित की जायेगी, जिसमें इससें संलग्न अनुसूची चार के कालम 5 में उल्लिखित सदस्य होंगे : परंतु इस नियम के अनुसार समिति के गठन के प्रयोजन के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम ,1994 (क 21 सन् 1994) की धारा 8 के उपखण्ड के उपबंधों का भी अनुसरण किया जायेगा।

(2) समिति का सम्मिलन ऐसे अंतरालों से किया जायेगा जो साधारणतः एक वर्ष से अधिक का नहीं होगा ।

(3) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों के अनुसार पदोन्नति की जायेगी।

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रकिया सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार होगा।

14. **पदोन्नति के लिए पात्रता की शर्तें**– (1) समिति उन समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी जिन्होंने उस वर्ष की पहली जनवरी को इससे संलग्न अनुसूची चार के कॉलम 2 में उल्लिखित पद/सेवा पर या किसी अन्य पद या पदों पर, जिन्हें सरकार ने उसके समतुल्य घोषित हैं (चाहे स्थानापन्न रूप से या मूल रूप से) उतने वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हों जो अनुसूची–चार के कॉलम 4 में अंकित है तथा विचारार्थ क्षेत्र में आते हों ।

स्पष्टीकरण – पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति :– संबंधित वर्ष जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति ,आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा, की अवधि की गणना, उस कलेण्डर वर्ष से की जाएगी,, जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के पेतनमान मैं आया है और फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं।

(2) सरकार द्वारा पदोन्नति हेतु विहित आरक्षण रोस्टर के अनुसार पदोन्नति की जायेगी।

(3) पदोन्नति के संबंध में छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंध लागू होंगे।

15. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना** :–(1) समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जो उपर्युक्त नियम 14 में विहित शर्तों को पूरा करते हों तथा जिन्हे समिति सेवा में पदोन्नति के लिए उपयुक्त समझे । सूची में उतने नाम सम्मिलित किये

जायेंगे, जितना सूची तैयार किए जाने की तारीख से एक वर्ष के भीतर सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण रिक्तियाँ संभावित हों। इसके अतिरिक्त उक्त कालावधि के दौरान होने वाले अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए सूची तैयार की जायेगी।

(2) उपयुक्त कर्मचारियों की सूची छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार तैयार की जायेगी ।

(3) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के अनुसार चयन सूची की तैयारी के समय सूची में सम्मिलित व्यक्तियों के नाम अनुसूची चार के कालम 2 में विनिर्दिष्ट सेवा या पदों में वरिष्ठता के क्रम से रखें जायेंगे।

स्पष्टीकरण— ऐसे व्यक्ति का जिसका नाम चयन सूची में शामिल किया गया हो, किन्तु जिसे सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नही किया गया हो केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के उपर जिन पर पश्चातवर्ती चयन में विचार किया गया है, ज्येष्ठता का कोई दावा नही होगा।

16. **चयन सूची** :–(1)नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रुप से अनुमोदित की गई सूची, अनुसूची चार के कालम 2 दर्शाये गये पदों से अनुसूची चार के कालम 3 में दर्शाये गये पदों पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए चयन सूची होगी ।

(2) जिस कैलेण्डर वर्ष में पदोन्नति के लिए चयन सूची तैयार की जायेगी, उसकी विधिमान्यता उस कैलेण्डर वर्ष के 31 दिसम्बर तक मान्य होगी । परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से कर्तव्य के निर्वाह अथवा पालन में गंभीर चूक होने की स्थिति में सरकार के कहने पर चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और यदि यह उचित समझे तो चयन सूची से ऐसे व्यक्ति का नाम हटा सकेगा ।

17. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति** :–(1) चयन सूची में सम्मिलित व्यक्ति की सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्तियाँ छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार की जायेगी ।

(2) साधारणतः उस व्यक्ति की जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित हो, सेवा में नियुक्ति के पूर्व नियुक्ति प्राधिकारी से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि चयन सूची में उसका नाम शामिल किये जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख से बीच की अवधि में उसके कार्य में ऐसी गिरावट न आई हो जिससे सरकार की राय में वह सेवा में नियुक्ति के लिए उसे अनुपयुक्त सिद्ध करता हो ।

18. **परिवीक्षा** :— सेवा में सीधी भर्ती किया गया प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा।

19. **निर्वचन** :— यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत हो तो उसे सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिसका उस पर विनिश्चय अंतिम होगा ।

20. **शिथिलीकरण** :— इन नियमों में दी गई किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा कि वह किसी ऐसे व्यक्ति के संबंध में जिस पर ये नियम लागू होते हो, ऐसी रीति से जो उसे न्यायसंगत तथा साम्यापूर्ण प्रतीत होती हो, कार्यवाही करने की राज्यपाल की शक्ति को सीमित या कम करती है।

परन्तु कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा जो इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिए कम अनुकूल हो ।

21. **व्यावृत्ति** :— इन नियमों से की गई कोई भी बात राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में समय—समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो के लिए उपबंधित किये जाने वाले अपेक्षित आरक्षण तथा अन्य शर्तों पर प्रभाव नहीं डालेंगी।

22. **निरसन तथा व्यावृत्ति** :— इन नियमों के तत्स्थानी और इनके प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त समस्त नियम, इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किये जाते हैं ।

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई भी आदेश या की गई कोई कार्रवाई, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया ओदश या की गई कार्रवाई समझी जायेगी ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. त्यागी, संयुक्त सचिव.

अनुसूची – एक

(नियम 6 देखिए)

सेवा में वर्गीकरण, वेतनमान और सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या

स. क.	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	पदों की संख्या	वर्ग	वेतनमान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	अधीक्षक (संचालनालय)	1	तृतीय श्रेणी लिपिक वर्गीय	5500–175–9000
2.	शीघ्रलेखक श्रेणी –1	1	–;;–	5500–175–9000
3.	अधीक्षक (क्षेत्रीय कार्यालय)	3	–;;–	5000–150–8000
4.	अंकेक्षक	3	–;;–	5000–150–8000
5.	शीघ्रलेखक श्रेणी –2	2	–;;–	4500–125–7000
6.	सहायक ग्रेड–1	11	–;;–	4500–125–7000
7.	शीघ्रलेखक श्रेणी –3	3	–;;–	4000–100–6000
8.	सहायक ग्रेड–2	28	–;;–	4000–100–6000
9.	स्टेनोटाइपिस्ट	5	–;;–	3050–75–3950–80–4590
10.	सहायक ग्रेड–3	54	–;;–	3050–75–3950–80–4590
11.	सहायक सांख्यिकी अधिकारी	4	तृतीय श्रेणी अलिपिक वर्गीय	5500–175–9000
12.	वेधन यांत्रिकी	12	–;;–	5000–150–8000
13.	सहायक प्रोग्रामर	1	–;;–	5000–150–8000
14.	टोपो सर्वेयर	3	–;;–	5000–150–8000
15.	वरिष्ठ तकनीकी सहायक	2	–;;–	5000–150–8000
16.	चित्रकार	2	–;;–	5000–150–8000
17.	वरिष्ठ मानचित्रकार (विभागाध्यक्ष कार्यालय)	1	–;;–	5000–150–8000
18.	वरिष्ठ मानचित्रकार (क्षेत्रीय कार्यालय)	3	–;;–	5000–150–8000
19.	मानचित्रकार (विभागाध्यक्ष कार्यालय)	6	–;;–	5000–150–8000
20	स्टोर कीपर	4	–;;–	4500–125–7000
21	खनि सर्वेक्षक	6	–;;–	4500–125–7000
22	सहायक रसायनज्ञ	12	–;;–	4500–125–7000

स. क्र.	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	पदों की संख्या	वर्ग	वेतनमान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
23.	ग्रंथपाल	1	तृतीय श्रेणी अलिपिक वर्गीय	4500–125–7000.
24.	मानचित्रकार (जिला कार्यालय)	8	–;;–	4000–100–6000
25.	सहायक वेधक	29	–;;–	3500–80–4700–100–5200
26.	मेकेनिक	5	–;;–	3500–80–4700–100–5200
27.	ट्रेक्टर/ट्रक चालक	1	–;;–	3500–80–4700–100–5200
28.	साख्यिकी लिपिक	1	–;;–	3500–80–4700–100–5200
29.	सर्वेयर (जिला कार्यालय)	8	–;;–	3050–75–3950–80–4590
30.	अनुरेखक	4	–;;–	3050–75–3950–80–4590
31.	वाहन चालक	9	–;;–	3050–75–3950–80–4590
32.	मद्दगार	19	–;;–	3050–75–3950–80–4590
33	इलेट्रिशियन	5	–;;–	3050–75–3950–80–4590
34.	प्रयोगशाला सहायक	1	–;;–	3050–75–3950–80–4590
35.	सुपरवाइजर/ हवलदार	90	–;;–	3050–75–3950–80–4590

टीप:–

(1) तृतीय श्रेणी अलिपिक वर्गीय के क्रमांक 11 के कालम 3 में दों सांख्येत्तर पद सम्मिलित है ।
(2) तृतीय श्रेणी अलिपिक वर्गीय के क्रमांक 16 के कालम 3 में दों सांख्येत्तर पद सम्मिलित है ।
(3) तृतीय श्रेणी अलिपिक वर्गीय के क्रमांक 17 के कालम 3 में एक सांख्येत्तर पद सम्मिलित है ।
(4) तृतीय श्रेणी अलिपिक वर्गीय के क्रमांक 25 के कालम 3 में नौं सांख्येत्तर पद सम्मिलित है ।
(5) तृतीय श्रेणी अलिपिक वर्गीय के क्रमांक 26 के कालम 3 में पांच सांख्येत्तर पद सम्मिलित है ।
(6) तृतीय श्रेणी अलिपिक वर्गीय के क्रमांक 28 के कालम 3 में एक सांख्येत्तर पद सम्मिलित है ।

अनुसूची – दो

(नियम 7 देखिए)

क.	विभागका नाम/पद का नाम	पदों की संख्या	भरे जाने वाले कुल पदों की संख्या			टिप्पणियां
